आइपीएम के लिए पास करना होगा आइपीमैट

प्रबंधन में अवसर

संवाददाता, रांची

आइआइएम रांची ने सत्र 2023-28 से इंटीग्रेटेड प्रोग्राम इन मैनेजमेंट (आइपीएम) की नामांकन प्रक्रिया में बदलाव किया है. कोर्स के इच्छुक विद्यार्थियों को अब आइपीमैट प्रवेश परीक्षा में सफल होना होगा. प्रवेश परीक्षा में हासिल परसेंटाइल और स्कोर पर विद्यार्थियों का चयन पांच वर्षीय इंटीग्रेटेड बीबीए-एमबीए प्रोग्राम में होगा. इस वर्ष आइपीमैट-23 के आयोजन की जिम्मेदारी आइआइएम इंदौर को दी गयी है. प्रवेश परीक्षा में 2021, 2022 में 12वीं सफल और 2023 में बोर्ड शामिल में हो रहे विद्यार्थी आवेदन कर सकेंगे. ऑनलाइन आवेदन की प्रक्रिया 17 अप्रैल तक www.iimidr.ac.in से पूरी की जा सकेगी. ऑनलाइन आइपीमैट-23 प्रवेश परीक्षा 16 जून को रांची समेत देश के अन्य 33 शहरों में होगी. दो घंटे की परीक्षा दोपहर बाद दो बजे से शाम चार बजे तक संचालित की जायेगी.

Prabhat Khabar, 28.03.2023, Pg. 07